आनंदालय
वार्षिक परीक्षा
कक्षा : छठी

विद्या सवर्थि साधिका

विषय: हिंदी | अधिकतम अंक : 80
दिनांक: 03-03-2023 | निर्धारित समय : 3:00 घंटे

सामान्य निर्देश :-
1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ' और' 'ब',
2. खंड 'अ' में कुल सात वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं । सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
3. खंड 'ब' में कुल सात वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।
5. प्रश्न पत्र में 8 पृष्ठ हैं ।

<u>खंड- 'अ' (बहुवैकल्पिक प्रश्न)</u>

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x**5**=**5**)

दरअसल हम अपनी समस्याओं की चर्चा बहुत बढ़ा चढ़ाकर करते हैं | समस्याएँ आने पर हम दूसरों की सहानुभूति चाहते हैं लेकिन सहानुभूति या दया से कोई समस्या हल नहीं होती | हम मुश्किलों का रोना रोते हैं लेकिन कभी समाधान के बारे में नहीं सोचते | दरअसल हम हथियार डालते हुए यह मान लेते हैं जैसे-बड़ी भारी मुसीबत आ गई हो | दिन-रात इसी मुसीबत के बारे में सोचते रहते हैं | इस तरह समस्या पूरी तरह हमारे दिलोदिमाग पर छा जाती है | इस पूरी प्रक्रिया में स्वयं द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करना भूल जाते हैं | यदि ऐसा करें तो हो सकता है कि ऐसी स्थिति से बाहर निकलने में मदद मिल जाए | परिस्थितियों का ठीक-ठीक मूल्यांकन करके आप आसानी से समाधान तक पहुँच सकते हैं | किसी भी समस्या का हल उसकी जड़ में होता है | यदि आप गलत नहीं हैं, तो हताशा से उबरने के लिए साहस से काम लीजिए | सफलता की सड़कों पर चलने के दौरान केवल एक पत्थर का टुकड़ा उठाकर नहीं फेंकते बल्कि एक तरह से पहाड़ तोड़ने का काम करते हैं |

(क) किस उपाय से हमारी समस्या सुलझ सकती है **?**
(i) परिस्थितियों से घबराकर
(ii) समस्या के बारे में सोचकर
(iii) परिस्थितियों का मूल्यांकन कर
(iv) निराश न होकर

(ख) 'हथियार डालना' का अर्थ है -

(i) डरकर बैठ जाना (ii) सहायता बंद करना

(iii) हार मान लेना (iv) प्रयत्न करना

(ग) हमें साहस की आवश्यकता किसलिए पड़ती है ?

(i) उन्नति करने के लिए

(ii) हताशा से उबरने के लिए

(iii) विचलित होने हेतु

(iv) बाधाएँ हटाने हेतु

(घ) समस्याओं का हल नहीं है **?**

(i) सहानुभूति (ii) धन (iii) सरकारी कृपा (iv) भाग्य

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक है -

(i) साहस (ii) समाधान

(iii) समस्या समाधान (iv) जीवन में समस्याएँ

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x**5=5**)

मैं बचपन को बुला रही थी, बोल उठी बिटिया मेरी |
नंदन-वन-सी फूल उठी वह, छोटी-सी कुटिया मेरी ||
माँ ओ कहकर बुला रही थी, मिट्टी खाकर आयी थी |
कुछ मुँह में कुछ हाथ में लिए, मुझे खिलाने आयी थी ||
पुलक रहे थे अंग, दृगों में कौतुहल था छलक रहा ।
मुँह पर थी आहलाद-लालिमा विजय-गर्व था झलक रहा ||
मैने पूछा-यह क्या लायी, बोल उठी वह माँ काओ |
फूल-फूल मैं उठी खुशी से, मैंने कहा-तुम्हीं खाओ ||

(क) कवयित्री किसे बुला रही थी **?**

(i) अपनी बिटिया को (ii) अपने बचपन को

(iii) विजय को (iv) खुशी को

(ख) 'मुँह पर थी आहलाद-लालिमा विजय-गर्व था झलक रहा।।' पंक्ति का आशय है

(i) मुख परम हर्ष से लाल हो रहा था|

(ii) मुख पर दुःख एवं लज्जा का भाव था |

(iii) मुख पर खुशी एवं विजय के भाव थे |

(iv) मुख गुस्से से लाल एवं पराजय से व्यथित था |

(ग) मिट्टी खाकर आई बिटिया की अवस्था कैसी थी ?

(i) आँखों में भोला कौतुहल छाया हुआ था |

(ii) वह बहुत अप्रसन्न थी |

(iii) आँखों से गुस्सा झलक रहा था |

(iv) वह बहुत थक गई थी |

(घ) निम्नलिखित में फूल का पर्यायवाची शब्द नहीं है-

**(i)** पुष्प **(ii)** सुमन **(iii)** कगार **(iv)** प्रसून

(ङ) कुटिया में प्रयुक्त प्रत्यय है -

(i) कु **(ii)** कुटि **(iii)** इया **(iv)** या

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x8=8)

(क) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग हुआ है -

(i) बूँद (ii) बड़े (iii) कंठ (iv) मालूम

(ख) निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग हुआ है -

(i) पसंद (ii) बस्तिया (iii) ऑलिव (iv) पुड़ियाँ

(ग) निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर नुक्ता लगा है -

(i) ठूँसकर (ii) सिर्फ़ (iii) सिर्फ (iv) चिथड़े

(घ) 'काल्पनिक' शब्द का विलोम है -

(i) व्यय (ii) विक्रय (iii) वास्तविक (iv) प्राचीन

(ङ) 'कर्म' का पर्यायवाची नहीं है **?**

(i) कारण **(ii)** कार्य **(iii)** कृत्य **(iv)** काज

(च) <u>'कामायनी'</u> प्रसाद जी का प्रसिद्ध ग्रंथ है | रेखांकित शब्द में प्रयुक्त विराम चिह्न है-

**(i)** विवरण चिह्न **(ii)** अर्धविराम **(iii)** एकल उद्धरण चिह्न **(iv)** अल्पविराम

(छ) निम्नलिखित वाक्यों में सही विराम चिह्न युक्त वाक्य है -

**(i)** सुनो, जरा बाहर का दरवाजा खोल दो |

**(ii)** सुनो! जरा बाहर का दरवाजा खोल दो |

**(iii)** सुनो; जरा बाहर का दरवाजा खोल दो |

**(iv)** 'सुनो' जरा बाहर का दरवाजा खोल दो |

(ज) 'कमर कसना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

**(i)** कमर बाँधना **(ii)** संतोष होना

**(iii)** तैयार होना **(iv)** कपटी होना

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x8=8)

(क) 'प्रतिनिधि' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग का सही विकल्प है-

**(i)** प्र **(ii)** पर **(iii)** प्रति **(iv)** प्रती

(ख) 'अड़ियल' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय का सही विकल्प है-

**(i)** य **(ii)** इयल

**(iii)** यल **(iv)** इनमें से कोई नहीं

(ग) 'सुबह-शाम' में समास का कौन सा भेद है -

**(i)** तत्पुरुष समास **(ii)** द्विगु समास **(iii)** द्वंद्व समास **(iv)** बहुव्रीहि समास

(घ) कौन-सा संधि विच्छेद दीर्घ संधि का है ?

**(i)** हरि+ईश **(ii)** ने +अन **(iii)** जल+ऊर्मि **(iv)** तथा +एव

(ङ) 'आत्मोत्सर्ग' का कौन-सा संधि विच्छेद शुद्ध है ?

**(i)** आत्म+उत्सर्ग **(ii)** आ+त्मसर्ग **(iii)** आत्मा+उत्सर्ग **(iv)** आतमा+ उत्सर्ग

(च) 'वृक्ष <u>पर</u> कोयल बैठी है |' वाक्य में कारक का भेद है -

(i) कर्ता कारक (ii) संप्रदान कारक (iii) कर्म कारक (iv) अधिकरण कारक

(छ) 'चेतन' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है -

(i) च् + ऐ + त् + न् + अ (ii) च् + ए + त् + न् + अ

(iii) च् + ऐ + त् + न् + अ + न (iv) च् + ए + त् + अ + न् + अ

(ज) द्विगु समास का उदाहरण है -

(i) नवनिधि (ii) नीलकंठ (iii) मृगलोचन (iv) महात्मा

5. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

एक विशेष बात यह है कि नारियों के गाने साधारणत: अकेले नहीं गाए जाते, दल बाँधकर गाए जाते हैं | अनेक कंठ एक साथ फूटते हैं यद्यपि अधिकतर उनमें मेल नहीं होता, फिर भी त्योहारों और शुभ अवसरों पर वे बहुत भले लगते हैं | गाँवों और नगरों में गायिकाएँ भी होती हैं जो विवाह, जन्म आदि के अवसरों पर गाने के लिए बुला ली जाती हैं | सभी ऋतुओं में स्त्रियाँ उल्लसित होकर दल बाँधकर गाती हैं |

(क) नारियों के गीतों की क्या विशेषता है ?

**(i)** अकेले गाए जाते हैं | **(ii)** दल बाँधकर गाए जाते हैं |

**(iii)** दो द्वारा गाए जाते हैं | **(iv)** संगीत के बिना नहीं गाए जाते |

(ख) नारियों के गीत सुनने में कैसे लगते हैं ?

**(i)** उनकी आवाज में मेल नहीं होता |

**(ii)** बड़े सुरीले होते हैं |

**(iii)** उनका स्वर बहुत धीमा होता है |

**(iv)** कर्कश लगते हैं |

(ग) नारियों के गीत कब गाए जाते हैं ?

**(i)** त्योहारों और शुभ अवसरों पर **(ii)** खेती के समय

**(iii)** नए वर्ष के आगमन पर **(iv)** वर्षा होने पर

(घ) गाँवों में गायिकाओं को कब बुलाया जाता था ?

(i) दीपावली के अवसर पर **(ii)** विवाह या बच्चे के जन्म के अवसर पर

**(iii)** होली के अवसर पर **(iv)** ऋतु परिवर्तन के अवसर पर

(ङ) 'उल्लसित' शब्द का क्या अर्थ है ?

(i) प्रसन्नता से **(ii)** उदासी से **(iii)** जोर-जोर से **(iv)** मधुरता से

6. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

कानपुर की नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' थी ।
लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी ।
नाना के संग पढ़ती थी वह, नाना के संग खेली थी ।
बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी उसकी यही सहेली थी ।
वीर शिवाजी की गाथाएँ उसको याद जबानी थी ।
बुँदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी ।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी ।

(क) लक्ष्मीबाई के जीवन के किस काल का चित्रण पद्यांश में मिलता है ?

(i) बाल्यकाल का (**ii**) युवा काल का (**iii**) प्रौढ़ अवस्था का (**iv**) इनमें से कोई नहीं

(ख) 'नाना' शब्द किस के लिए प्रयोग किया गया है ?

(i) नाना साहिब (बाजीराव पेशवा ) **(ii)** लक्ष्मीबाई के नाना

**(iii)** लक्ष्मीबाई के बड़े भाई **(iv)** कानपुर का शासक

(ग) लक्ष्मीबाई को बचपन में क्या शौक था ?

**(i)** खूब खेलने का

**(ii)** हाथी की सवारी का

**(iii)** बरछी, ढाल, कृपाण, कटारी चलाने का

**(iv)** छोटे-छोटे राजाओं पर आक्रमण करने का

(घ) लक्ष्मीबाई को कौन सी कहानियाँ मुँह जबानी याद थी ?

**(i)** तांत्या टोपे की **(ii)** वीर शिवाजी की

**(iii)** नाना साहिब की **(iv)** अंग्रेज़ों की

(ङ) झाँसी की रानी को मर्दानी क्यों कहा है ?

(i) अपनी सेना में, वह मर्दों के समान लड़ने वाली अकेली महिला थीं |

(**ii**) उनके आस-पास सभी अस्त्र शस्त्र थे |

(**iii**) वे मर्दों की तरह लगती थीं |

(**iv**) वे मर्दों की भाँति वीरता से लड़ी थीं, उन्होंने साहसपूर्वक अंग्रेजों का सामना किया |

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए **|** (1x4=4)

(क) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के कवि हैं -

**(i)** तुलसीदास **(ii)** सुमित्रानंदन पंत

**(iii)** सुभद्राकुमारी चौहान **(iv)** केदारनाथ अग्रवाल

(ख) राजप्पा के अलबम की बात कोई नहीं करता था क्योंकि -

**(i)** उसका अलबम बेकार था |

**(ii)** उसका अलबम फट चुका था |

**(iii)** उसके अलबम में नागराजन के अलबम जैसा आकर्षण नहीं था |

**(iv)** राजप्पा अपना अलबम दिखाना नहीं चाहता था|

(ग) सीता ने राम से क्या पूछा ?

**(i)** हम घर कब जाएँगें ?

**(ii)** मेरे माता-पिता के घर चलने में आपको आपत्ति क्यों है ?

**(iii)** कितना और चलना है ? पर्णकुटी कहाँ बनाएँगे ?

**(iv)** क्या चौदह वर्ष का वनवास सह लेंगें ?

(घ) श्यामा केशव के किस कसूर में हिस्सेदार थी-

**(i)** चिड़िया को भगाने में **(ii)** चिडिया के अंडे छेड़ने में

**(iii)** केशव के साथ खेलने में **(iv)** चिड़िया के अंडे तोड़ने में

<u>खंड**-** 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)</u>

8. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(क) रानी लक्ष्मीबाई की वीरता का वर्णन करते हुए स्पष्ट कीजिए कि उन्होंने अंग्रेज़ों का सामना किस प्रकार किया और उसका क्या परिणाम हुआ **?**

(ख) 'वह चिड़िया जो' कविता में चिड़िया की कौन-कौन सी-विशेषताएँ आप अपनाना चाहेंगें और क्यों **?**

(ग) यदि आप नंगे पाँव गर्मी के दिनों में दोपहर के समय रास्ते पर चलते हैं; वह रास्ता कंकड-पत्थर से भरा है | ऐसे रास्ते में आपको किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा ? अपने शब्दों में लिखिए |

(घ) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता में बालिका माँ से क्या-क्या अपेक्षाएँ रखती हैं ?

9. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए -- (3x3=9)

(क) केशव और श्यामा ने चिड़िया के बच्चों की देखभाल के लिए क्या किया **?**

(ख) भारत में बाँस कहाँ-कहाँ बहुतायत में पाया जाता है और क्यों **?**

(ग) गाँधी जी शारीरिक श्रम पर बल देते थे | 'नौकर' पाठ के आधार पर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |

(घ) टी.वी. स्क्रीन पर गतिशील बिंदु को देखकर छोटू के पापा को किस बात का संदेह हुआ और वे किस सोच में डूब गए **?**

10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए | (5x1=5)

(क) मेरा परिवार

संकेत बिंदु-
- परिवार की भूमिका
- परिवार का वर्णन
- प्रत्येक सदस्य का कार्य एवं महत्त्व
- परिवार के लाभ एवं गुण
- उपसंहार

(ख) का बरखा जब कृषि सुखाने

संकेत बिंदु-
- वर्षा की उपयोगिता
- समय का सदुपयोग
- धन से अधिक मूल्यवान
- निष्ठा से समय पर कार्य करना

(ग) पर्यावरण सुरक्षा -

संकेत बिंदु-
- पर्यावरण का महत्त्व
- पर्यावरण के प्रति सतर्कता
- प्रदूषण समाप्त करना अनिवार्य
- पेड़ लगाना
- लोगों में जागरूकता लाना

11. (क) परीक्षा के लिए अपनी तैयारियों के विषय में बताते हुए पिताजी को लगभग 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए | (5x1=5)

**अथवा**

(ख) आपके मित्र ने राज्यस्तरीय बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है | उसे बधाई देते हुए लगभग 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए |

12. (क) 'त्योहारों के महत्त्व' पर दो विद्यार्थियों द्वारा की गई बातचीत को लगभग 80 से 100 शब्दों में, संवाद आलेखन कीजिए | (5x1=5)

**अथवा**

(ख) प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग पर चिंतित दो नागरिकों के मध्य हुई बातचीत को लगभग 80 से 100 शब्दों में, संवाद शैली में लिखिए |

13. (क) कपड़े धोने के पाउडर का नामकरण करते हुए बिक्री बढ़ाने हेतु लगभग 50 - 60 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन लेखन प्रस्तुत कीजिए | (3x1=3)

**अथवा**

(ख) विद्यालय में होने वाले वार्षिक समारोह के लिए सूचना तैयार कीजिए |

14. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को 70-80 शब्दों में लिखिए| विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से, चित्र से संबंधित होना चाहिए | (4x1=4)

